प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
05.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

<u>प्रधानमंत्री</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने निवेश में बुनियादी ढांचे और उद्योगों को जितनी प्राथमिकता दी है, उतनी ही प्राथमिकता लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार को भी दी है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार पर बजट के बाद एक वेबिनार को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोगों में निवेश का लक्ष्य तीन स्तंभों शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य सेवा पर टिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज लोग देख सकते हैं कि कैसे कई दशकों के बाद भारत की शिक्षा प्रणाली एक बड़े बदलाव से गुजर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक टेलीमेडिसिन सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। डे–केयर कैंसर केंद्रों और डिजिटल स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे के माध्यम से सरकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को अंतिम छोर तक ले जाना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस बजट में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई फैसले लिये जिससे भारत एआई क्षमताओं को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय वृहद भाषा मॉडल स्थापित करेगा।

<u>जगत नेगी</u>

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार चंबा जिला के दुर्गम क्षेत्र किलाड़ के अपर कुम्हार में हिमस्खलन की चपेट में आए प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि हिमस्खलन की चपेट में आने से करीब 8 घर व दो लोग घायल हुए हैं और प्रभावित परिवारों के लिए राशन, गरम कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने के जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र में आज वायु सेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है।

<u>पैंशनर</u>

वित्तीय लाभ और समय पर पैंशन न मिलने पर भारतीय राज्य पैंशनर्स संघ ने आज शिमला के चौड़ा मैदान में राज्य सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के शासनकाल में पूर्व कर्मचारियों को समय पर पैंशन नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि दो वर्षों से चिकित्सा बिल का भुगतान

नहीं हो रहा है, जिससे पूर्व कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घनश्याम शर्मा ने सरकार पर कर्मचारियों व पैंशनरों के प्रति

असंवेदनशील होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सरकार ने चिकित्सा बिलों और पैंशन का भुगतान नहीं किया तो आने वाले समय में संघ द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

महाशिवरात्रि

छोटी काशी मंडी में आयोजित सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के समापन से पहले आज चौहटा जातर का भव्य आयोजन हुआ। इस आयोजन में सैंकड़ो देवी देवता एक साथ विराजमान हुए और पहाड़ी वादय यंत्रों व ढ़ोल नगाड़ों की दिव्य गुंजन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस बीच महाशिवरात्रि महोत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उपस्थित रहीं।

इससे पहले राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मंडी में नशे के दुरूपयोग पर आधारित लघु फिल्म चिट्टा जारी की। ये फिल्म मुख्य रूप से चिट्टे सहित नशे के बढ़ते प्रचलन व इससे जुड़ी समस्याओं के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बनाई गई है। दीपक मट्टु द्वारा निर्देशित ये लघु फिल्म राज्यपाल द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त हिमाचल अभियान से प्रेरित है। इस अवसर पर शिव प्रताप शुक्ल ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में समाज में हर स्तर पर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया।